# मिट्टी को 'काला सोना' बनाकर भेजा वेयरहाउस में पकड़ी गई नकली सरसों

■ बैग से सरसों चेक करने पर हुआ संदेह ■ पानी में डालते ही घुले मिट्टी के दाने


रेवाड़ी। जांच के लिए एक बैग से निकाली गई मिलावटी सरसों।


रेवाड़ी। वेयरहाउस के गोदाम के बाहर खड़ा संदिग्ध सरसों का ट्रक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

मंडी में सरसों में मिलावट का मामला तो गत वर्ष ही सामने आ गया था, लेकिन अब वेयरहाउस के गोदाम में भी मिलावटी सरसों पहुंचनी शुरू हो गई है। सुपरवाइजर की सजगता से एक ट्रक को पकड़ लिया गया। सरसों के सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेजे गए हैं। वहां से रिपोर्ट आने के बाद ही आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। ट्रक में मिलावटी सरसों आने के बाद इस बात की आशंका भी बन गई है कि मंडियों में इस बार भी सरसों में मिलावट जमकर चला है। मार्केट कमेटी ने कनीना की फर्म का लाइसेंस सात दिन के लिए सस्पेंड कर दिया है।

किसान सेवा केंद्र कनीना की फर्म से जिला सचिवालय के पीछे वेयरहाउस कार्पोरेशन के गोदाम में सरसों से भरा हुआ ट्रक आया था। जिस समय सरसों के बैग ट्रक से उतारे जा रहे थे, उस समय बैग से सरसों के नमूने निकालकर हाथ से ही चेक किए जा रहे थे। गोदाम के सुपरवाइजर ने कट्टों से सरसों निकालकर हाथ पर रगड़ते हुए चेक की, तो उसके हाथ काले हो गए। इसके बाद सरसों पानी में डाली तो उसमें मिलाए गए मिट्टी के दाने पिंघलने शुरू हो गए। असली सरसों पानी में तैरती रही, जबकि मिलावटी सरसों पानी में मिट्टी के रूप में पिंघल गई। इसके बाद सुपरवाइजर संदीप कुमार ने अधिकारियों को सूचित करते हुए ट्रक में आई सरसों के सैंपलों की औपचारिक जांच कराते हुए ट्रक को वहां रोक दिया। सैंपलों की रिपोर्ट के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी। मिलावटी सरसों की आशंका के बाद मार्केट कमेटी की ओर से कनीना की इस फर्म का लाइसेंस सात दिनों के लिए सस्पेंड किया है। वेयरहाउस की सैंपल रिपोर्ट के बाद फर्म पर नियमानुसार लाइसेंस रद्द करने और केस दर्ज कराने की कार्रवाई भी की जा सकती है।

वेयरहाउस के गोदाम में मिलावटी सरसों की बात सामने आने के बाद अन्य गोदामों में भी सरसों के भंडारण से पहले गहन जांच की जा रही है। सरसों का भंडारण करने के लिए कई गोदामों में व्यवस्था की हुई है। एक गोदाम में मिलावटी सरसों का मामला सामने आते ही इस बात की आशंका बढ़ गई है कि मिलावटी सरसों दूसरे गोदामों से लेकर हैफेड के गोदामों तक भी जरूर पहुंची होगी।

गोदामों में सरसों उतारने के बाद यह पता करना भी मुश्किल हो जाएगा कि मिलावटी सरसों कहां से कितनी मात्रा में आई है। जांच के बाद मिलावटी सरसों का बड़ी घोटाला भी सामने आ सकता है।

## कनीना की फर्म का लाइसेंस सस्पेंड

■ अधिकारियों ने सरसों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे
■ बीते साल भी खरीद में मिलावट का हुआ था खुलासा

### सरसों जैसे मिट्टी के दानों की कीमत 15 रुपये प्रति किलोग्राम

सरसों की खरीद के समय बीते साल भी मिलावट का खुलासा हुआ था। सरसों के अंदर सरसों के रंग के ही मिट्टी से तैयार किए गए दाने मिलाए हुए थे। सरसों के आकार जैसी मिट्टी के बैग खेतों में छिड़कने के लिए आते हैं, जिनकी कीमत 15 रुपये प्रति किलोग्राम के आसपास होती है। इस मिट्टी और सरसों में ज्यादा अंतर दिखाई नहीं देता। फर्क सिर्फ इतना होता है कि मिट्टी पानी में डालते ही पिंघल जाती है, जबकि सरसों के दाने पानी में तैरते रहते हैं।

### फर्म को नोटिस थमाया

हमने मंडी में सरसों की चेकिंग पर पूरा जोर दिया, जिस कारण इस बार मिलावटी सरसों आने की संभावना नहीं रही। वेयरहाउस के गोदाम में कनीना की फर्म के ट्रक से मिलावटी सरसों की संभावना देखने को मिली है, जिसके बाद फर्म का लाइसेंस सात दिनों के लिए सस्पेंड करते हुए नोटिस जारी किया गया है। सैंपल रिपोर्ट के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।
**-सतप्रकाश**, जिला विपणन प्रवर्तन अधिकारी

# कुख्यात नशा तस्कर मनदीप पंजाबी गिरफ्तार, 26 केस हो चुके है दर्ज

## 819 किलो डोडा पोस्त मामले में वांछित था आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


फतेहाबाद। पत्रकारों से बातचीत करते एसपी सिद्धांत जैन।

■ पंजाबी गैंग के सरगना के खिलाफ अभी 17 मामले कोर्ट में विचाराधीन

सीआईए फतेहाबाद व टोहाना तथा साइबर सेल की संयुक्त टीम ने अक्टूबर 2024 में ढाणी गोपाल में लावारिस हालात में खड़े केंटर से बरामद 819 किलोग्राम कचरा डोडा पोस्त मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी भगौड़े मनदीप पंजाबी उर्फ राजू पुत्र कृष्ण कुमार निवासी चौबारा को गिरफ्तार कर लिया है। पंजाबी गैंग का सरगना कुख्यात मनदीप पंजाबी पर पिछले 12 सालों में 26 केस दर्ज हो चुके हैं। इनमें से 9 केस में वह बरी हो चुका है। जिन केस में वह बरी हुआ है, वह साल 2013 व 2014 में दर्ज हुए थे। 17 मामले अभी भी अलग-अलग कोर्ट में विचाराधीन हैं। इस पर भूना और सदर थाना फतेहाबाद में सबसे अधिक केस दर्ज हैं।

### कैंटर में मिला था नशा

पत्रकारों से बातचीत करते हुए एसपी सिद्धांत जैन ने बताया कि 3 अक्टूबर 2024 को सूचना के आधार पर गांव ढाणी गोपाल की गली में लावारिस हालात में खड़े केंटर से पुलिस ने 819 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद किया था। इस मामले में पुलिस ने 4 अक्टूबर को थाना भूना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था।

जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की सहायता से आरोपी भगत सिंह उर्फ भगता पुत्र रमेश कुमार निवासी बनगांव को काबू कर जेल भेज दिया था। आरोपी भगता ने पुलिस पूछताछ में बताया था कि आरोपी मनदीप उर्फ राजू उर्फ पंजाबी उसी समय गांव मे मौके पर था। मनदीप पंजाबी रास्ता न मिलने की वजह से फायर करके मौके पर केंटर छोडक़र फरार हो गया था। जिला पुलिस तभी से आरोपी मनदीप पंजाबी की तलाश में जुटी थी। पंजाबी के पकड़ने से पुलिस ने बड़ी सफलता मिली है।

### हरियाणा के साथ पंजाब में भी मामले दर्ज

मनदीप पंजाबी सदर थाना फतेहाबाद में 9 अगस्त 2013 को 392 आईपीसी के तहत दर्ज केस और इसी दिन हिसार के अग्रोहा थाने में धारा 392, 325, 452, 506, 285, 420 व 120बी के तहत दर्ज केस, भूना थाना में 9 जून 2014 को दर्ज हुए धारा 149, 323, 452, 506 के केस, भूना थाने में ही 26 सितंबर 2014 को दर्ज धारा 307, 341 और आर्म्स एक्ट, रतिया थाने में 13 अक्टूबर 2014 को 395 आईपीसी व आर्म्स एक्ट, पंजाब के सरदूलगढ़ थाने में 25 अक्टूबर 2014 को दर्ज 382, 342 आईपीसी और आर्म्स एक्ट, हिसार जिले के ही आदमपुर थाने में 26 अक्टूबर 2014 को दर्ज धारा 395, 342 आईपीसी और आर्म्स एक्ट, सदर थाना फतेहाबाद में 24 नवंबर 2014 को 398 और 401 आईपीसी और आर्म्स एक्ट, सदर थाना में 8 दिसंबर 2014 को आर्म्स एक्ट के केसों में बरी हो चुका है।

### आरोपी का नेटवर्क खंगालने में जुटी पुलिस

वीरवार को बरवाला क्षेत्र में फतेहाबाद पुलिस ने मनदीप पंजाबी को घेरकर काबू कर लिया था। पूछताछ में मनदीप ने बताया कि ढाणी गोपाल से बरामद 819 किलोग्राम कचरा डोडा पोस्त उसी का है। एसपी ने बताया कि आरोपी मनदीप पंजाबी पर लूट, डकैती, हत्या, शस्त्र अधिनियम व आपराधिक 26 मामले दर्ज है। आरोपी को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। रिमांड के दौरान गहनता से पूछताछ करके नशे के इस पूर्व नेटवर्क का पर्दाफाश कर इस मामले में शामिल अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा। एसपी ने कहा कि अपराधियों को किसी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। अपराधी या तो अपराध करना छोड़ दें या फतेहाबाद जिला।

## खबर संक्षेप

### पोलिसी रिन्यू करने के नाम पर ठगी, काबू

**फरीदाबाद**। पोलिसी रिन्यू करवाने के नाम पर ठगी करने पर साइबर थाना एनआईटी की टीम ने आरोपी नरेन्द्र कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि नंगला इन्कलेव निवासी महिला ने साइबर थाना एनआईटी में शिकायत दी, जिसमें आरोप लगाया कि उसके पास ठगों का कॉल आया और बताया गया कि उसकी पोलिसी का रिन्यूवल प्रीमियम का भुगतान नही हुआ है, जिसके कारण उसकी पोलिसी कैंसिल होने जा रही है। ठगों द्वारा बताया गया कि अगर अभी 53704 रूपए की पोलिसी प्रीमियम पेमेंट किया जाता है तो उसको 1,49,000 रूपए का प्रीमियम बोनस दिया जाएगा। जिस पर शिकायतकर्ता ने ठगों द्वारा गए नम्बर पर पेमेंट कर दिया।

### हिमाचल से चरस लेकर बेचते थे, दो काबू

**फरीदाबाद**। समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए फरीदाबाद पुलिस की नशा तस्करों पर लगातार कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में अपराध शाखा सेक्टर 30 की टीम ने 159 ग्राम चरस के मामले में नशा उपलब्ध कराने वाले दो आरोपियों को कुल्लू हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 19 अप्रैल को अपराध शाखा सेक्टर-30 की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए आयुष कश्यप निवासी कालका जी नई दिल्ली व स्वर्गय निवासी वैशाली अपार्टमेंट कालका जी एक्सटेंशन नई दिल्ली को ग्रीन फिल्ड गुरूद्वारा से 159 ग्राम चरस के साथ काबू किया था।

### अवैध हथियार व कारतूस सहित गिरफ्तार

फरीदाबाद। पुलिस थाना बीपीटीपी की टीम ने अवैध हथियार रखने वाले आरोपी को एक देसी पिस्टल व एक कारतूस सहित गिरफ्तार किया है।पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 25 अप्रैल को पुलिस थाना बीपीटीपी की टीम ने प्राप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी हरेश्वर निवासी किशोरपुर पलवल हाल हैबिटेट सोसाइटी, सेक्टर-78 फरीदाबाद को बीपीटीपी चौक से देशी पिस्टल और जिंदा कारतूस के साथ काबू किया है। जिसके खिलाफ थाना बीपीटीपी फरीदाबाद में अवैध हथियार रखने की धारा में मामला दर्ज किया गया है।

# भंभेवा के खेतों में युवक का अधजला शव मिला, हत्या कर जलाने का शक

■ मृतक के केवल बाजू पर काला रंग का कपड़ा बचा, केस दर्ज

**जींद**। भंभेवा से भावड़ की तरफ जाने वाली सुंदर ब्रांच नहर से खेतों में अज्ञात युवक का अधजला शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक के शरीर पर केवल बाजू पर काला रंग का कपड़ा बचा था। युवक की कहीं ओर हत्या कर शव को खुर्दबुर्द की नियत से जलाया गया था। शव की शिनाख्त न होने के चलते शव को नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया गया है। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव भंभेवा के निकट सुदर ब्रांच नहर के साथ मोनू के खेत में बृहस्पतिवार देर रात एक युवक का अधजला शव पड़ा देखा गया। आग से आसपास की घास तथा कपड़े जले हुए थे। मृतक की उम्र लगभग 25 साल तथा उसने गले मे मैटल की चेन, एक हाथ में चेन तथा दूसरे हाथ में चांदी की अंगूठी पहनी हुई थी। एक कान में मुरकी पहनी हुई थी। घटना की सूचना पाकर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक के पास से ऐसा कुछ नही मिला, जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति की हत्या कहीं और की गई है और शव का यहां पर डाल कर उसे खुर्दबुर्द करने की नियत से जलाने की कोशिश की गई है। मृतक की शिनाख्त न होने के चलते शव को नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया गया है।

# बस स्टैंड पर खड़े छह लोगों को कार ने कुचला

■ हालत गंभीर, राहगीरों ने अस्पताल में भर्ती करवाया

**मंडी अटेली**। अटेली मंडी के पुराना बस स्टैंड पर एक बड़ा हादसा हो गया, जब एक तेज रफ्तार गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े लोगों पर चढ़ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गाड़ी के ड्राइवर को अचानक झपकी आ गई, जिसके चलते वह वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा। देखते ही देखते गाड़ी लोगों को रौंदती हुई आगे निकल गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इस हादसे में कुल छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान रामौतार निवासी अटेली, हिमांशु निवासी अटेली, ट्विंकल निवासी नारनौल, कृष्णा निवासी कलगांव, ललित निवासी दुबलाना और इंद्रावती निवासी गोद बलाहा के रूप में हुई है। सभी घायलों को तुरंत निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया। जहां उनकी हालत स्थिर है।


मंडी अटेली। हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार के पास खड़े राहगीर।

# भूना में सुनार का कारीगर आठ लाख रुपये का सोना लेकर फरार, रेवाड़ी में ज्वेलर्स की दुकान में लगी सेंध

**भूना**। टोहाना रोड स्थित निर्मल ज्वैलर्स की दुकान से बीती रात बंगाली कारीगर 85 ग्राम सोना लेकर फरार हो गया। सोने की कीमत 8 लाख रुपए से ज्यादा बताई गई है। कारीगर का नाम असलम है। वह कोलकाता का रहने वाला है। पिछले 7 साल से दुकान पर सोने-चांदी के आभूषण बनाने का काम कर रहा था। दुकान संचालक निर्मल सिंह सोनी ने बताया कि शुक्रवार सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा तो असलम गायब मिला। उसका मोबाइल बंद था। इसके बाद उन्होंने उसकी काफी तलाश की गई। जब उसके किराए के मकान पर पहुंचे तो वहां भी ताला लगा मिला। इसके बाद दुकान में रखा सोना चेक किया गया तो 85 ग्राम सोना गायब था। पीड़ित बुवान गांव निवासी निर्मल सिंह ने पुलिस में शिकायत दी है। असलम के खिलाफ केस दर्ज करने और सोना वापस दिलवाने की मांग की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। कारीगर की लोकेशन ट्रेस की जा रही है।

### 40 ग्राम सोना व ढाई किलो चांदी चोरी

**रेवाड़ी**। परशुराम कालोनी में वीरवार की रात एक ज्वेलर्स शॉप का ताला तोड़कर चोर 40 ग्राम सोना और ढाई किलोग्राम चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। माडल टाउन थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परशुराम कालोनी में रहने वाले अजीत सोनी ने बताया कि उसने नई अनाज मंडी रेलवे स्टेशन के पास तोहणगर ज्वेलर्स के नाम से दुकान खोली हुई है। दुकान का शटर रेलवे लाइन की तरफ है। शुक्रवार की सुबह जब वह दुकान खोलने के लिए गया था। शटर का ताला टूटा हुआ मिला। साथ ही आधा शटर उखड़ा हुआ था। उसने अंदर जाकर देखा तो सोना व चांदी गहने गायब थे।

# छात्राओं के लिए रोडवेज की विशेष बस सेवा शुरू

**फरीदाबाद**। राजकीय कन्या महाविद्यालय नचौली में छात्राओं के लिए हरियाणा रोडवेज की स्पेशल बस सेवा शुरू होने पर प्रिंसिपल, स्टाफ एवं छात्राओं ने मंत्री राजेश नागर का आभार व्यक्त किया। बता दें कि राजकीय कन्या महाविद्यालय नचौली फरीदाबाद में छात्राओं की बस सेवा संचालन की पुरानी मांग थी। जिसे लेकर हाल ही में प्राचार्या अर्चना वर्मा अपने स्टाफ के साथ मंत्री राजेश नागर से मिली थीं। उन्होंने मंत्री को अवगत कराया था कि छात्राओं के पास महाविद्यालय पहुंचने के लिए कोई भी सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण उन्हें निजी वाहनों पर निर्भर रहना पड़ता है। जिस पर मंत्री राजेश नागर ने मौके पर ही रोडवेज महाप्रबंधक को बस सेवा शुरू करने के निर्देश दिए थे।




# दूसरे दिन भी एमआईई में धधकती रही आग

## बहादुरगढ़ में अवैध पीवीसी कबाड़ के स्टॉक में गुरुवार को लगी थी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

■ आग से करीब 20 झुग्गियां, घरेलू सामान सहित काफी मात्रा में प्लास्टिक स्क्रैप जलकर राख हो गया

शहर के आधुनिक औद्योगिक संपदा में गत दिवस लगी आग के बाद शुक्रवार को भी अवैध पीवीसी कबाड़ में धुआं उठता रहा। इंडस्ट्रियल इलाके में प्लास्टिक के कबाड़ में लगी आग से उठता जहरीला धुआं फिजा को प्रदूषित करने में अहम भूमिका निभा रहा है।

बता दें कि शुक्रवार को एमआईई के पार्ट-बी में स्थित अवैध पीवीसी कबाड़ के स्टॉक में भीषण आग लग गई। आग से करीब 20 झुग्गियां, घरेलू सामान सहित काफी मात्रा में प्लास्टिक स्क्रैप जलकर राख हो गया।

दमकल विभाग ने देर रात तक आग पर काबू पाया। क्योंकि हवा के चलते आग तेजी से फैल रही थी। आग बुझाने में दमकल कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। शनिवार को भी आग से जली झुग्गियां व प्लास्टिक कबाड़ से धुआं जलता रहा। इस भूखंड में आग लगने से कई पेड़ भी जल गए। कुछ वाहन भी जल गए हैं। शनिवार सुबह भी यहां प्लास्टिक के कबाड़ में हल्की आग धधक रही थी। एक तरफ तो इस आग ने वहां रहने वाले गरीब मजदूरों को काफी आर्थिक नुकसान पहुंचाया, वहीं अब कबाड़ से ढेर से लगातार उठ रहा धुआं फिजा में घुलकर प्रदूषण की समस्या को विकराल बना रहा है। इंटरनेट मीडिया पर भी लोग लगातार प्रशासन की निष्क्रियता को कोसते रहे। इसके अलावा पर्यावरण के प्रति चिंता व्यक्त करते दिखे।


बहादुरगढ़। आग में जले प्लास्टिक कबाड़ से उठता धुआं।


बहादुरगढ़। एमआईई में अग्निकांड की भेंट चढ़े वाहन।

# बैग बदल कर सोने के आभूषण चोरी करने के आरोप में दो गिरफ्तार

**फरीदाबाद**। बैग बदलकर सोने के आभूषण चुराने के दो आरोपियों को क्राईम ब्रांच ने काबू किया है। धर्मवीर वासी झरेडा दिल्ली कैन्ट ने पुलिस थाना सेक्टर-31 में शिकायत दी, जिसमें उसने बताया कि 19 अप्रैल को वह आगरा जाने के लिए बदरपुर बॉर्डर पर बस का इंतजार कर रहा था। तभी वहां पर एक बाईक चालक आया और उससे पूछा कि कहां जाना है, जिस पर शिकायतकर्ता ने बताया कि उसे आगरा जाना है, तो मोटरसाईकिल चालक ने कहा कि उसकी गाडी एनएचपीसी मैट्रो के पास खडी है, उसमें आगरा चलना, फिर शिकायतकर्ता उसके साथ मोटरसाईकिल पर बैठ गया, तभी एक और लडका मोटरसाईकिल पर पीछे आकर बैठ गया। एनएचपीसी मैट्रो पहुंचने के बाद उन्होंने उसका बैग लिया और वहां से भाग गये। बैग में शिकायतकर्ता के सोने की एक जोडी टोपस, लौंग और चांदी की चुटकी, पायल, गले का पैंडल तथा 3000 रुपये नकद थे। जिसकी शिकायत पर थाना सेक्टर-31 में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस थाना अपराध शाखा सेक्टर 48 की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी सगीर अंसारी निवासी गांव कंचनपुर, जिला बोकारो, झारखण्ड हाल जैतपुर दिल्ली व वशीम अहमद निवासी हरि नगर एक्सटेंशन, पार्ट-3 जैतपुर, दिल्ली को गिरफ्तार किया।



